सत्यमेव जयते

Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7684	23.08.2023	25.08.2023	Sonebhadra Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sonebhadra/diarrhea-kills-three-18-people-sick-in-judiya-village-sonbhadra-news-c-194-1-svns1040-2586-2023-08-23
Title:	**Diarrhea kills three, 18 people sick in judiya village in Sonebhadra, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sonebhadra, SpSU- Uttar Pradesh			

कोतवाली क्षेत्र के जुड़िया गांव में बुधवार को डायरिया का प्रकोप फैलने से 12 घंटे के अंदर तीन लोगों की मौत हो गई और 18 लोगों के बीमार होने से स्वास्थ्य महकमे और प्रशासन में हड़कंप मच गया। तीन लोगों की मौत होने की जानकारी होने पर बुधवार शाम घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. नरेंद्र सरोज के नेतृत्व स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची और कैंप लगाकर मरीजों का उपचार कर दवाएं दी।

जुडिया गांव में उल्टी दस्त के कारण बबनी (60) पत्नी नखडू की बुधवार की भोर में चार बजे मौत हो गई। इसी गांव की वंदना (21) पत्नी बृजलाल की सुबह आठ बजे उल्टी दस्त के कारण मौत हो गई। वहीं करीब शाम चार बजे इसी गांव की नैना (10) पुत्री दुलारे की भी उल्टी दस्त के कारण मौत होने की सूचना है।

12 घंटे के अंदर उल्टी दस्त से मासूम सहित तीन लोगों की मौत से गांव में कोहराम मच गया। मामले की सूचना शाम पांच बजे घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम अधीक्षक नरेंद्र सरोज की अगुवाई में गांव में पहुंचकर डायरिया पीड़ितों का उपचार कर रही है। समाचार लिखे जाने तक शांति (48) पत्नी वंशधारी, अंशिका(10) पुत्री विनोद, कृष्णा(14) पुत्र विनोद, वर्षा(6) पुत्री देवीचरण, जुगनू कुमार(8) पुत्र देवीचरण, मीना(16) पुत्री तौलन, शबनम(14) पुत्री नरेश, विकास(12) पुत्र राजू, संदीप(10) पुत्र केवल, देवी(22) पत्नी सुरेंद्र, बुधनी(68) पत्नी फग्गू, सुनीता(26) पत्नी अमर, सपना(9) पुत्री रामप्यारे, ऊषा(15) पुत्री भोला, सुनील(13) पुत्र दुलारे, पूजा(14) पुत्री विश्राम, फागू(60) पुत्र रती, प्रदीप(8) पुत्र

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

केवल, देवीचरण(40) पुत्र जुने का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवा वितरण एवं उपचार किया गया। गांव में डायरिया पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस संबंध में अधीक्षक डॉ. नरेंद्र सरोज ने बताया कि जुड़िया गांव में डायरिया की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप कर रही है। डायरिया प्रभावित मरीजों को आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया है। जो मरीज गंभीर है, उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। गांव के लोगों को उबला हुआ पानी और ताजा भोजन करने की हिदायत दी गई है।